प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

<u>11.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में उच्च उपज देने वाली, जलवायु–लचीली और बायोफोर्टिफाइड फसलों की 109 किस्में जारी करेंगे। वे कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि 61 फसलों की 109 किस्में जारी की जाएंगी जिनमें 34 खेती और 27 बागवानी फसलें हैं। खेती फसलों में, बाजरा, चारा, तिलहन, दाल, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए जाएंगे। बागवानी फसलों में विभिन्न प्रकार के फल, सब्जियां, वृक्षारोपण, कंद, मसाले, फूल और औषधीय पौधे शामिल है।

प्रदेश में पिछले डेढ़ वर्ष में व्यवस्था परिवर्तन के तहत आयोजित की गई राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से आम लोगों की भूमि संबंधी समस्याओं का हल हुआ है। प्रत्येक माह के अंतिम दो दिनों में ये अदालतें लगाई जा रही हैं। मंडी जिला में इंतकाल के एक हजार 44 मामलों का निपटारा किया गया। जिला में इंतकाल के दो हजार 607 अन्य मामले भी निपटाए गए। लोक अदालतों में इंतकाल के अलावा तकसीम, निशानदेही, प्रविष्टियों में सुधार इत्यादि के मामले भी निपटाए जा रहे हैं। मंडी जिला में राजस्व अदालतों के माध्यम से तकसीम के 128, निशानदेही के 385 तथा प्रविष्टियों में सुधार के 73 मामले 29 जुलाई तक निपटाए गए, जबकि राजस्व अदालतों में जुलाई के अंतिम दो दिनों में तकसीम के 54, निशानदेही के 36 तथा राजस्व प्रविष्टियों में सुधार के 9 मामलों का निपटारा किया गया।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत चंबा जिला के किसान अब 25 अगस्त तक अपनी फसलों का बीमा करवा सकेंगे। कृषि विभाग ने इसकी तारीख बढ़ा दी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित तथा मक्का का बीमा करवा सकते हैं। मक्की और धान की फसल का बीमा करवाने के लिए किसानों को 96 रुपये प्रति बीघा की दर से प्रीमियम देना होगा। यदि प्राकृतिक कारणों से फसल को नुकसान हो जाए तो आकलन करने के बाद अधिकतम 4,800 रुपये प्रति बीघा की दर से भरपाई की जाती है। यदि किसान फसल की बिजाई से पहले फसल का बीमा करवाते हैं तो प्राकृतिक कारणों से बिजाई न करने की स्थिति में भी नुकसान की भरपाई की जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक कारणों आग, भूस्खलन, ओलावृष्टि, खड़ी फसल, सूखा, बाढ़, तूफान से होने वाले नुकसान की भरपाई करना है।

शिमला जिला के रामपुर में समेज गांव में बादल फटने की घटना से आई बाढ़ में लापता लोगों की खोज जारी है। आज पावर स्टेशन से पानी छोड़ा जाएगा जिससे मलबे में दबे शवों के मिलने की उम्मीद है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 15 शवों को पता लगाया जा चुका है। 18 शवों की अभी तलाश जारी है।

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और राज्य के कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हो रही है जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। लाहौल के दारचा–शिंकुला मार्ग पर नाले में फिर बाढ़ आ गई है जिसके चलते बड़ी चट्टानों से जांस्कर–मनाली सड़क मार्ग पर आवाजाही प्रभावित हुई है। बीते 24 घंटों के दौरान नाहन में सर्वाधिक 168 दशमलव 3 मिलीमीटर, मंडी के संधोल में 106 दशमलव 4 मिलीमीटर तथा नगरोटा सूरियां में 67 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 16 अगस्त तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए नदी–नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से लोगों को दूर रहने की सलाह दी है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से———————

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**आई.ए.एस. की ऑनलाईन होगी वार्षिक प्रदर्शन मूल्याकंन रिपोर्ट–सी.एम. ने की ए.पी.ए.आर प्रणाली में संशोधन की घोषणा।** आपका फैसला के शब्द हैं– **प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली में होगा संशोधन।**

अमर उजाला की एक खबर है–**पर्यटन विकास निगम बनाएगा हिमाचल का पहला ग्लास फ्लोर रेस्टोरेंट। शिमला में पूरा हफ्ता खुले रहेंगे प्लास्टिक खरीद डिपो** इसी अखबार की एक खबर है।

दैनिक भास्कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– **अब अधिकारियों का मूल्यांकन उनकी अप्रेजल रिपोर्ट से किया जायेगा–इसका उद्देश्य अधिकारियों की जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाना है।**

ई.डी. ने आयुष्मान भारत कार्ड फर्जीवाड़े में स्वास्थ्य विभाग से लिया रिकॉर्ड शीर्षक से दैनिक जागरण लिखता है– **निजी अस्पतालों से लिए गए रिकार्ड का सरकारी रिकार्ड से मिलान करेगी ईडी।**

मौसम से जुड़ी खबर पर पंजाब केसरी लिखता है– **दारचा–शिंकुला मार्ग पर फिर बाढ़, आज 5 ज़िलों में फ्लैश फ्लड का खतरा–जांस्कर–कारगिल के बीच वाहनों की**

आवाजाही प्रभावित। दैनिक भास्कर के शब्द हैं– **5 जिलों में बारिश से 135 सड़कें बंद, इस सप्ताह लगातार बारिश। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है– हिमाचल में भारी बारिश का अलर्ट– 24 घंटों में कई जगह भारी वर्षा ने रोके जिंदगी के कदम, लाहौल के दारचा –शिंकुला में बाढ़।**